CARE means
uring your
enience by
closer to you



H·O·D
HOUSE of DIAGNOSTICS
Experience care
EXPRESS
Path Lab
NOW OP
Raj Nagar:
Indirapuram:
Durgapuri:
Krishna Nagar:
Noida Sec-18:
0120-4117435 (RDC, Gzb) | 0120-4742166 (Indirapuram) |

वन सिटी, वन प्रॉडक्ट को सफल बनाने के लिए हुआ एमओयू

ईडा में बनेगा सिटी ऑफ अपैरल, मिलेगी 5 लाख लोगों को नौकरी

वन सिटी, वन प्रॉडक्ट को सफल बनाने के लिए हुआ एमओयू

ईडा में बनेगा सिटी ऑफ अपैरल, मिलेगी 5 लाख लोगों को नौकरी

■ विशेष संवाददाता, नोएडा

नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के साथ यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) ने 200 एकड़ में सूरत की तर्ज पर सिटी ऑफ अपैरल बनाने के लिए संयुक्त एमओयू साइन किया है। इसके तहत सिटी ऑफ अपैरल में लगभग 250 ईकाइयां लगेंगी। इसमें 5000 करोड़ का निवेश होगा, जिससे 5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। अथॉरिटी के विशेष अधिकारी और निवेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेंद्र भाटिया और नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अधिकारियों के बीच एमओयू साइन किया गया।

गौरतलब है कि यूपी सरकार ने गौतमबुद्ध नगर जिले को वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट के तहत रेडिमेड गारमेंट के लिए चुना है। अब इसे जमीनी लेवल पर उतारने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यमुना प्राधिकरण के विशेषाधिकारी और निवेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि शासन का उद्देश्य जिले में ऐसी इकाइयों की स्थापना करना है जो कम से कम निवेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दे सकें। कृषि क्षेत्र के बाद रेडिमेड गारमेंट इंडस्ट्री ऐसा क्षेत्र है जो सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस उद्योग में 90 प्रतिशत कर्मियों को प्रशिक्षण के जरिए असंगठित से संगठित क्षेत्र में लाया जा सकेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए 200 एकड़ में यह सिटी ऑफ अपैरल स्थापित किया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण में इस सिटी में लगने वाली इकाइयों में पांच हजार करोड़ का निवेश होगा और पांच लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इससे विदेशी मुद्रा भी आएगी और यहां एक्सपोर्ट का हब भी होगा। उन्होंने जानकारी दी कि अंतिम एमओयू राज्य सरकार के साथ 21-22 फरवरी को लखनऊ में होगा।

5	250	200
हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश	यूनिट होंगी सिटी ऑफ अपैरल में	एकड़ जमीन पर बनेगा यह क्लस्टर

कम निवेश में मिलेगा ज्यादा रोजगार

- नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के साथ यमुना अथॉरिटी ने किया एमओयू साइन
- यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-29 में होगा यह पार्क
- नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से 5 किमी पहले होगा यह सेंटर
- इससे संबंधित अंतिम एमओयू यूपी सरकार के साथ 21-22 फरवरी को लखनऊ में साइन होगा

सूरत जैसा होगा, एक्सपोर्ट हब भी बनेगा

■ **नोएडा अपैरल** एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने बताया कि यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-29 में यह पार्क होगा। यह जगह नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से पांच किमी पहले होगा। इसमें लगभग 250 यूनिट का प्रस्ताव है। इसके लिए वियतनाम और चीन के अपैरल पार्क की भी स्टडी की जा रही है। यहां डाइंग मिल, एंब्रायडरी, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, ईटीएफ प्लांट के साथ ही लगभग छोटी-छोटी इकाइयां भी होंगी। इनमें धागे बनाने वाले, बटन और पैकिंग मैटिरियल तैयार करने वाले भी होंगे। इससे ट्रांसपोर्टेशन का समय बचेगा। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट होने की वजह से यहां एक्सपोर्ट हब भी तैयार होगा।